# मुख्य तथ्य

1. "अनुसूचित वाणिज्य बैकों की जमाराशियां एवं ऋण की तिमाही सांख्यिकी - मार्च 2006" मार्च 31, 2006 की स्थिति के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की कुल जमाराशियों और सकल बैंक ऋण पर आँकडे.दर्शाती है। ये आँकडे.मूलभूत-सांख्यिकीय विवरणियों (बीएस्आर)-7 पर आधारित होते हैं जिसे अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सम्मिलित) की सभी शाखाओं से प्राप्त किया जाता है। इस तिमाही में 55 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का विलय 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के रुप में हुआ जिससे क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की कुल संख्या 173 से 133 हुई।

2. मार्च 2006 के लिए बैंक सुविधा युक्त केंद्रों के वर्गीकरण को रिवाइज़ किया गया है। पहले यह 1991 की जनगणना पर आधारित था; अब इसे 2001 की जनगणना के आधार पर बाँटा गया है।जनसंख्या समूहों की परिभाषा/ कट-ऑफ.साइज में कोई बदलाव नहीं किया गया है

3. 2001 की जनगणना के अनुसार मार्च 2006 में जनसंख्या समूह वर्गीकरण को अपडेट किए जाने के चलते बैंकों की शाखाओं/ कार्यालयों के गठन में बदलाव हुआ है। इसका मुख्य कारण यह है कि 1991 सेंसस (जनगणना) की तुलना में 2001के जनगणना में बैंक सुविधा-युक्त केंद्रों की जनसंख्या बढ.जाने के कारण वे निम्न जनसंख्या समूह से उच्चतर जनसंख्या समूह के ग्रेड में शामिल हो गए । दिसंबर 2005 के अंतिम शुक्रवार (30 दिसंबर 2005) और 31मार्च 2006 की स्थिति इस प्रकार रही :

**शाखाओं/ कार्यालयों और बैंक सुविधा-युक्त केंद्रों की संख्या**

(प्रतिशत)

| जनसंख्या समूह | 30 दिसंबर, 2005@ | | 31 मार्च, 2006@@ | |
|---|---|---|---|---|
| | शाखा/ कार्यालय | बैंक सुविधा-युक्त केंद्र | शाखा/ कार्यालय | बैंक सुविधा-युक्त केंद्र |
| ग्रामीण | 46.6 | 84.6 | 44.5 | 82.0 |
| अर्ध-शहरी | 22.6 | 14.5 | 22.2 | 16.8 |
| शहरी | 17.0 | 0.9 | 17.3 | 1.2 |
| महानगरीय | 13.7 | 0.1 | 16.0 | 0.1 |
| **कुल** | **100.0 (68,363)** | **100.0 (34,711)** | **100.0 (68,681)** | **100.0 (34,511)** |

@: 1991 की जनगणना पर आधारित @@: 2001 की जनगणना पर आधारित

कोष्ठक में दिए गए अंक क्रमशः शाखाओं/ कार्यालयों और बैंक सुविधा युक्त केंद्रों की संख्या दर्शाते हैं।

दिसंबर 2005 के अंतिम शुक्रवार (30 दिसंबर 2005) और 31मार्च 2006 की स्थिति के अनुसार कुल जमाराशियों और कुल बैंक ऋण का जनसंख्या-समूह-वार हिस्सा इस प्रकार रहा:

**कुल जमाराशियां और सकल बैंक ऋण**

(प्रतिशत)

| जनसंख्या समूह | 30 दिसंबर, 2005@ | | 31 मार्च, 2006@@ | |
|---|---|---|---|---|
| | कुल जमाराशियां | सकल बैंक ऋण | कुल जमाराशियां | सकल बैंक ऋण |
| ग्रामीण | 11.6 | 9.3 | 10.8 | 8.4 |
| अर्ध-शहरी | 16.5 | 11.2 | 14.4 | 10.0 |
| शहरी | 21.3 | 16.4 | 20.6 | 16.4 |
| महानगरीय | 50.6 | 63.1 | 54.1 | 65.3 |
| **कुल** | **100 (1924,624)** | **100 (1364,326)** | **100 (2093,042)** | **100 (1517,497)** |

@ : 1991 की जनगणना पर आधारित @@: 2001 की जनगणना पर आधारित

कोष्ठक में दिए गए अंक क्रमशः कुल जमाराशियां और सकल बैंक ऋण करोड.रु. में दर्शाते हैं।

शाखाओं/कार्यालयों और बैंक सुविधा युक्त केंद्रों के वितरण स्वरूप में बदलाव का असर कुल जमाराशियों और कुल बैंक ऋण की जनसंख्या-समूह-वार वृद्धि दरों पर भी पड़ा है। 30 दिसंबर 2005 के आँकडों के लिए बैंक सुविधा युक्त केंद्रों को 1991 की जनगणना के आधार पर बाँटा गया था जबकि 31मार्च 2006 के लिए 2001 की जनगणना को आधार बनाया गया है। यही कारण है कि विभिन्न वर्गों में केंद्रों की संख्या में परिवर्तन हुआ है और शाखाओं की संख्या में भी। पिछली तिमाही और वर्ष से जनसंख्या-समूह-वार तुलना यहाँ नहीं लागू होगी। वैसे अन्य विशेषताओं के आधार पर अंकों की तुलना की जा सकती है।

तथापि,मार्च 2006 की जनसंख्या-समूह-वार वृद्धि दरों को मार्च 2005 की तुलनीय स्थितियों के अनुसार अर्थात् 2005 की शाखाओं को भी 2001 की जनगणना के आधार पर बाँट कर निकाला गया है।

4. रिपोर्टिंग कार्यालयों की संख्या के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंकों ने जिन बैंक सुविधायुक्त केन्द्रों को सेवा दी उनकी संख्या 34,511 रही। इन के न्द्रों में से 29,054 एकल कार्यालय केंद्र (सिंगल ऑफिस सेंटर्स) थे और 45 केंद्र ऐसे थे जिनके बैंक कार्यालय 100 या इससे अधिक थे।

5. 34,511 बैंक सुविधायुक्त केंद्रों में से जमाराशियों के अनुसार क्रम में रखे गये शीर्ष सौ केंद्रों की जमाराशि कुल जमाराशि का 67.0 प्रतिशत और बैंक ऋण के हिसाब से शीर्ष सौ केंद्रों का बैंक ऋण कुल बैंक ऋण 76.5 प्रतिशत था। मार्च 2006 में शीर्ष सौ केंद्रों की कुल जमा राशि में पिछले वर्ष से 22.4 प्रतिशत की बढोतरी हुई, जबकि मार्च 2005 में वही बढोतरी 18.7 प्रतिशत थी। शीर्ष सौ केंद्रों के सकल बैंक ऋण में मार्च 2006 में 31.6 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर दर्ज हुई। यह वृद्धि मार्च 2005 में 31.9 प्रतिशत रही।

6. समूह के रूप में राष्ट्रीयकृत बैंको ने कुल जमा राशियों में 48.4 प्रतिशत का योगदान दिया, जबकि भारतीय स्टेंट बैंक और इसके सहयोगियों का योगदान 23.4 प्रतिशत का रहा। विदेशी बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और अन्य अनुसूचित वाणिज्य बैंकों का कुल जमा राशियों में क्रमशः 5.3 प्रतिशत, 3.4 प्रतिशत और 19.4 प्रतिशत का हिस्सा रहा। जहाँ तक सकल बैंक ऋण का प्रश्न है, कुल बैंक ऋण में सर्वाधिक 47.5 प्रतिशत हिस्सा राष्ट्रीयकृत बैंकों का रहा, जबकि इसके ठीक पीछे भारतीय स्टेंट बैंक और इसके सहयोगी बैंक 23.1 प्रतिशत और अन्य अनुसूचित वाणिज्यि बैंक 20.2 प्रतिशत रहे। तुलनात्मक रुप से विदेशी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कुल बैंक ऋण में हिस्सा कम रहा - क्रमशः 6.5 प्रतिशत और 2.6 प्रतिशत।

7. अखिल भारतीय स्तर पर मार्च 31, 2006 की स्थिति के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के ऋण और जमा राशियों (सी - डी) के अनुपात 72.5 प्रतिशत रहा। राज्यों / संघशासित क्षेत्रों में सर्वाधिक सी-डी का अनुपात तमिलनाडु (105.9 प्रतिशत) में देखा गया, जबकि इसके बाद महाराष्ट्र (101.5 प्रतिशत) का स्थान रहा। बैंक समूह स्तर पर सी-डी अनुपात अखिल भारतीय अनुपात की तुलना में विदेशी बैंकों (88.4 प्रतिशत) और अन्य अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (75.6 प्रतिशत) में अधिक रहा और भारतीय स्टेंट बैंक और उसके सहयोगियों (71.6 प्रतिशत) , राष्ट्रीयकृत बैंकों (71.1 प्रतिशत) और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (55.9 प्रतिशत) के मामले में कम रहा। जनसंख्या समूह के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की जमा राशि और ऋण (सी-डी) अनुपात में महानगर (मेट्रोपोलिटन) केंद्रों का सी-डी अनुपात सर्वाधिक 87.5 प्रतिशत रहा। शहरी केंद्रों (57.5 प्रतिशत) और ग्रामीण केंद्रों (56.3 प्रतिशत) का स्थान उसके बाद रहा और अर्धशहरी केंद्रों में 50.0 प्रतिशत का निम्नतम सी-डी अनुपात देखा गया।

8. जमा राशियों के आकार के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंक कार्यालयों के वितरण को देखने से यह पता चलता है कि कुल बैंक कार्यालयों में 51.3 प्रतिशत बैंक कार्यालय 10 करोड.रुपये या इससे अधिक की जमा राशियों वाले थे। कुल जमा राशियों में इन बैंक कार्यालयों का योगदान 92.5 प्रतिशत और कुल बैंक ऋण में 90.2 प्रतिशत रहा। जिन कार्यालयों ने 10 करोड.रुपये या अधिक का ऋण दिया उनका प्रतिशत 27.1 रहा। समग्र रुप में इन कार्यालयों ने कुल बैंक ऋण का 87.4 प्रतिशत दिया, जबकि कुल जमा राशियों में उनका हिस्सा 69.2 प्रतिशत रहा।

## HIGHLIGHTS

1. "Quarterly Statistics on Deposits and Credit of Scheduled Commercial Banks – March 2006" provides data on aggregate deposits and gross bank credit of scheduled commercial banks as on March 31, 2006. The data are based on Basic Statistical Return-7, received from the branches of all scheduled commercial banks (including Regional Rural Banks). During this quarter, there was amalgamation of 55 RRBs into 15 RRBs leading to reduction in number of RRBs from 173 to 133.
2. Population group classification of banked centres used for the March 2006 has been revised based on population figures as per 2001 census as against earlier classification of banked centres based on the 1991 census, while the definition/cut-off size of population groups remains unchanged.
3. On account of updation of population group classification as per 2001 census in March 2006, there have been changes in composition of branches/offices of banks. This is mainly due to upgradation of population group of banked centres from lower population group to higher population group consequent upon growth in the population of centres as per 2001 census compared to that based on 1991 census. The position as on last Friday of December 2005 (December 30, 2005) and March 31, 2006 is as follows:

**Number of branches/offices and banked centres**

(per cent)

| Population group | December 30, 2005 @ | | March 31, 2006@@ | |
|---|---|---|---|---|
| | Branches/ offices | Banked centres | Branches/ offices | Banked centres |
| Rural | 46.6 | 84.6 | 44.5 | 82.0 |
| Semi-urban | 22.6 | 14.5 | 22.2 | 16.8 |
| Urban | 17.0 | 0.9 | 17.3 | 1.2 |
| Metropolitan | 13.7 | 0.1 | 16.0 | 0.1 |
| **Total** | **100.0 (68,363)** | **100.0 (34,711)** | **100.0 (68,681)** | **100.0 (34,511)** |

@: Based on 1991 census @@: Based on 2001 census
Figures in bracket indicate total no. of Branches/Offices and Banked Centres, respectively.

The population group-wise shares of aggregate deposits and gross bank credit as on last Friday of December 2005 (December 30, 2005) and March 31, 2006 is as follows:

**Aggregate deposits and Gross bank credit**

(per cent)

| Population group | December 30, 2005 @ | | March 31, 2006@@ | |
|---|---|---|---|---|
| | Aggregate deposits | Gross bank credit | Aggregate deposits | Gross bank credit |
| Rural | 11.6 | 9.3 | 10.8 | 8.4 |
| Semi-urban | 16.5 | 11.2 | 14.4 | 10.0 |
| Urban | 21.3 | 16.4 | 20.6 | 16.4 |
| Metropolitan | 50.6 | 63.1 | 54.1 | 65.3 |
| **Total** | **100.0 (1924,624)** | **100.0 (1364,326)** | **100.0 (2093,042)** | **100.0 (1517,497)** |

@: Based on 1991 census @@: Based on 2001 census
Figures in bracket indicate, Aggregate deposits and Gross bank credit respectively in Rupees crore

The changes in distribution pattern of population group of branches/offices and banked centres has also impacted the population group-wise growth rates of aggregate deposits and gross bank credit. For data pertaining to December 30, 2005 the banked centres were categorised on the basis of 1991 census figures, whereas for March 31, 2006 as per 2001 census figures. Therefore the number of centres in the categories are different hence the number of branches. The population group wise comparison with the previous quarter and a year ago may not hold good. However, the figures according to other characteristics are comparable.

However, the population group-wise growth rate for March 2006 have been worked out taking into account the comparable position of March 2005, i.e., classifying the branches in 2005 also as per 2001 census.

4. The number of banked centres served by scheduled commercial banks according to number of reporting offices stood at 34,511. Of these centres, 29,054 were single office centres and 45 centres had 100 or more bank offices.

5. The top hundred centres, out of 34,511 banked centres, arranged according to the size of deposits accounted for 67.0 per cent of the total deposits and the top hundred centres arranged according to the size of bank credit accounted for 76.5 per cent of total bank credit. Aggregate deposits of top hundred centres grew at 22.4 per cent in March 2006 over March 2005 compared to 18.7 per cent growth recorded a year ago. Growth rate of gross bank credit of top hundred centres was at 31.6 per cent in March 2006 over March 2005, compared to 31.9 per cent growth recorded in March 2005.

6. Nationalised Banks, as a group, accounted for 48.4 per cent of the aggregate deposits, while State Bank of India and its Associates accounted for 23.4 per cent. The shares of Foreign Banks, Regional Rural Banks and Other Scheduled Commercial Banks in aggregate deposits were 5.3 per cent, 3.4 per cent and 19.4 per cent, respectively. As regards gross bank credit, Nationalised Banks held the maximum share of 47.5 per cent in the total bank credit followed by State Bank of India and its Associates at 23.1 per cent and Other Scheduled Commercial Banks at 20.2 per cent. Foreign Banks and Regional Rural Banks had relatively lower shares in the total bank credit at 6.5 per cent and 2.6 per cent, respectively.

7. At the all–India level, the credit-deposit (C-D) ratio of all scheduled commercial banks as on March 31, 2006 stood at 72.5 per cent. Among the States/Union Territories, the highest C-D ratio was observed in Tamil Nadu (105.9 per cent) followed by Maharashtra (101.5 per cent). At the bank group level, the C-D ratio was above the all-India ratio in respect of Foreign Banks (88.4 per cent), Other Scheduled Commercial Banks (75.6 per cent), and was lower for State Bank of India and its Associates (71.6 per cent), Nationalised Banks (71.1 per cent) and Regional Rural Banks (55.9 per cent). As regards population group-wise C-D ratio of all scheduled commercial banks, metropolitan centres had the highest C-D ratio at 87.5 per cent, followed by urban centres (57.5 per cent) and rural centres (56.3 per cent). The semi-urban centres recorded the lowest C-D ratio at 50.0 per cent.

8. It is observed from the distribution of scheduled commercial bank offices by size of deposits, that the offices with deposits of Rs.10 crore or more, accounted for 51.3 per cent of the bank offices with a share of 92.5 per cent in aggregate deposits and 90.2 per cent in total bank credit. The offices, which extended the credit of Rs.10 crore or more, accounted for 27.1 per cent in terms of their number. These offices together accounted for 87.4 per cent of total bank credit whereas their share in aggregate deposits was 69.2 per cent.